Seventeenth Loksabha

>

Title: Request include the religious place of Keshariya ji Bhagwam in Udaipur in the list of Pravasi Tirath Darshan Yojana.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर के अंतर्गत ऋषभदेव भगवान, जिनको हम केसरिया जी भगवान कहते हैं, उनकी तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं और मांग करना चाहता हूं कि जैन धर्म के श्वेतांबर और दिगम्बर लोग ऋषभदेव भगवान को प्रथम तीर्थंकर मानते हैं । साथ ही, आदिवासी समुदाय के लोगों की भी उनमें आस्था है । राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के सभी जनजाति बंधु केसरिया जी भगवान को अपना भगवान मानते हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि केसरिया जी भगवान को भारत सरकार की जो दर्शन योजना है, उसके अंतर्गत उसको लिया जाए ताकि वहां आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुधीर गुप्ता, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और डॉ. किरीट पी. सोलंकी को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।